पंजाब केसरी 21/01/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई 2 दिवसीय बी.एस.एफ. प्रशिक्षण कार्यशाला

अम्बाला, 20 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 2 दिवसीय बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बी.एस.एफ.) प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला बी.बी.ए., बी.कॉम एवं एम.बी.ए. के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बी.एस.एफ. क्षेत्र की व्यावहारिक समझ प्रदान करना तथा उन्हें उद्योग उन्मुख एवं रोजगारपरक कौशल से सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विशेषज्ञों द्वारा निवेश, वित्तीय बाजारों की कार्यप्रणाली, करियर अवसरों, उद्योग की नवीम प्रवृत्तियों एवं व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता के साथ सत्रों में भाग लिया और कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं करियर निर्माण में सहायक बताया।

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. गुरुदेव सिंह ने इस आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, प्रबंधन विभाग, सी.आर.सी. एवं सी.जी.सी. टीम सहित समस्त शिक्षण एवं गैर शिक्षण स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि उद्योग सहयोग आधारित इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य जगत की आवश्यकताओं से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार करते हैं। इस अवसर पर मेधा फाऊंडेशन के रजत के योगदान की विशेष रूप से सराहना की गई।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बी.एस.एफ. प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

कॉलेज प्रबंधन एवं प्रबंधन विभाग ने उनके मार्गदर्शन, प्रभावी समन्वय एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यशाला अत्यंत सफल एवं प्रभावी सिद्ध हुई।

कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास, उद्योग सहयोग एवं करियर उन्मुख कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।